दैनिक जागरण 13/02/2023

# एनएसएस शिविर का योग से किया आरंभ

जासं, अंबाला : जीएमएन (गांधी मेमोरियल नेशनल) कालेज एनएसएस यूनिट द्वारा खुड्डा कलां में सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत योग से हुई। कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मवीर सैनी ने स्वयंसेवकों को स्वामी दयानंद सरस्वती की दृष्टि एवं मान्यताओं से परिचित करवाया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद प्रत्येक भारतीय युवा के लिए प्रेरणा एवं ऊर्जा के अक्षय स्त्रोत है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि शिविर के आरंभ में ही हमारे स्वयं सेवकों को महापुरुषों के चरित्र पर विस्तार से बताकर उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना को बीजा जाता है। उन्होने बताया हमारे



जीएमएन कालेज के विद्यार्थी खुड्डा कलां में शिविर के दौरान। ● विज्ञप्ति।

स्वयं सेवकों ने गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाया उन्होंने गांव के लोगों को नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में बताया। इस मौके पर डा. अनीश सहित अन्य मौजूद रहे।